कार्यालय प्रबन्ध अनुभाग, जनपद न्यायालय, कन्नौज।

विज्ञप्ति संख्याः 01 दिनांक 28-6-16

कार्यालय विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुराने जिला जज आवासीय परिसर में न्यायिक अधिकारियों के आवासों की पुरानी बाउण्ड्रीवाल की नीलामी की जानी है। आवश्यक शर्तें निम्नलिखित है:–

शर्तेः–

01. उक्त बाउण्ड्रीवाल की कुल लम्बाई 181.60 मी0 है। जिसमें बाउण्ड्री पिलर्स 22.40 मी0 है।
02. बाउण्ड्रीवाल की न्यूनतम सरकारी बोली लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित कीमत के आधार पर मु0 1,41,000/– रूपये निर्धारित की गई है।
03. सभी बोलीदाता को मु0 25,000/– रूपये की जमानत धनराशि प्रतिभू के रूप में बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी। जिसकी बोली स्वीकार नही होगी, उसकी जमानत धनराशि उसी दिन प्रक्रिया के बाद वापस कर दी जायेगी।
04. बिना जमानत धनराशि जमा कराये कोई भी बोली दाता बोली बोलने का हकदार नही होगा।
05. उक्त बाउण्ड्रीवाल की बोली नवीन न्यायालय, परिसर में निर्धारित तिथि 11.07.2016 को अपरान्ह् 04.30 बजे खुली बोली बोली जायेगी।
06. अन्तिम बोली दाता को बोली की धनराशि उसी दिन जमानत धनराशि को घटाते हुए शेष धनराशि नकद अथवा चेक अथवा बैंक ड्राप्ट के माध्यम से जो जनपद न्यायाधीशक कन्नौज के पक्ष मे देय हो उसी दिन जमा करनी होगी।
07. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन के उपरान्त अन्तिम बोली मान्य की जायेगी।
08. माननीय जनपद न्यायाधीश, कन्नौज को अन्तिम बोली को बिना नोटिस दिये निरस्त किये जाने का सर्वाधिकार सुरक्षित है।
09. नीलाम होने के पश्चात् उक्त बाउण्ड्रीवाल तोडने एवं वेस्ट मटीरियल को ले जाने पर व्यय होने वाली धनराशि को नीलाम की धनराशि में एडजस्ट नही किया जायेगा तथा मलवा इत्यादि जिसके पक्ष में नीलामी मान्य होगी उसके द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र ही साफ किया जायेगा।

दिनांक–28.06.2016

28.6.2016

(सूर्य प्रकाश शर्मा)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/फास्ट ट्रैक कोर्ट–1,
कन्नौज।

सर्वसाधारण की जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नानुसार प्रेषित की जायेगीः–

1. माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेवसाइट पर।
2. जनपद न्यायालय, कन्नौज की बेवसाइट पर।
3. जिला सूचनाधिकारी, कन्नौज को प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसका विज्ञापन किसी स्थानीय समाचार पत्र में निःशुल्क कराकर एक प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करें।
4. केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय, कन्नौज के सूचना पट पर चस्पा करें।
5. नगर पालिका परिषद, कन्नौज के सूचना पट पर चस्पा करें।
6. रोडवेज बस स्टेण्ड के सूचना पट पर चस्पा करें।
7. रेलवे स्टेशन के सूचना पट पर चस्पा करें।
8. तहसील के सूचना पट पर चस्पा करें।
9. कलेक्ट्रेट के सूचना पट पर चस्पा करे।

28.6.2016

(सूर्य प्रकाश शर्मा)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/फास्ट ट्रैक कोर्ट–1,
कन्नौज।